सार-समाचार

महेश पब्लिक स्कूल में जागरूकता सेमिनार आयोजित

भीलवाड़ा । महेश पब्लिक स्कूल, प्राइमरी विंग में गुरुवार, को विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए एक विशेष जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मोबाइल फोन: एक स्मार्ट उपकरण या मौन विनाशक? विषय पर केंद्रित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल तकनीक के सही उपयोग और इसके दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वन्दे मातरम् के साथ हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि झा भार्गव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए पधारे हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। सभी अतिथियों का स्वागत अपर्णा और तिलक लगाकर किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता, अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के महामंत्री जगदीश कोगटा ने संबोधित करते हुए कहा कि मोबाइल आज शिक्षा और सूचना का सशक्त माध्यम है, लेकिन इसका अनियंत्रित उपयोग स्वास्थ्य, आंखों की रोशनी और एकाठाता के लिए घातक है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों की मोबाइल गतिविधियों पर निगरानी रखने और समय-सीमा निर्धारित करने की सलाह दी। ओमप्रकाश नराणीवाल (अध्यक्ष, श्री महेश सेवा समिति): उन्होंने अभिभावकों से आठाह किया कि बच्चों को मोबाइल के बजाय खेल-कूद, पुस्तक पठन और रचनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित करें। श्री राजेंद्र कुमार कचौलिया (सचिव): उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मोबाइल का संतुलित और सीमित उपयोग करने की शपथ दिलवाई। दिनेश शारदा (निर्देशक व विद्यालय प्रभारी): उन्होंने जोर दिया कि मोबाइल तकनीक तभी लाभकारी है जब उसका उपयोग जिम्मेदारी के साथ किया जाए। राजेश बाहेती (कोषाध्यक्ष): उन्होंने बताया कि सही दिशा में उपयोग होने पर ही मोबाइल ज्ञानवर्धन और कौशल विकास में सहायक हो सकता है।

बजट प्रश्नोत्तरी का आयोजन

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम द्वितीय तृतीय इकाइयों द्वारा तृतीय दिवस पर सुबह10:30 बजे पतंजलि भवन में बजट प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया यह प्रश्नोत्तरी ऑनलाइन माध्यम द्वारा की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक प्रोफेसर मोनिका भटनागर ने बताया कि सभी स्वयंसेवक विश्वविद्यालय द्वारा गोदित गांव नेडलिया में पहुंचे। वहां पहुंचकर सभी स्वयंसेवकों ने सामाजिक एवं आर्थिक प्रश्नावली के माध्यम से घर-घर जाकर आंकड़े संग्रहित किये। दो अन्य समूह ने नेडलिया गांव में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं से स्वच्छता पर संवाद किया एवं प्रश्नों के माध्यम से ही स्वास्थ्य के लिए बच्चों को जागरूक किया। द्वितीय इकाई के प्रभारी डॉ. आशीष पारीक ने बताया कि स्वयंसेवकों के माध्यम से गांव में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और इसके लिए स्वयंसेवकों ने स्वयं भी कचरा उठाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम में गोदित गांव के नोडल अधिकारी प्रोफेसर सुभाष चंद्र भी रैली के साथ में उपस्थित रहे। तृतीय इकाई के प्रभारी डॉ. लारा शर्मा ने बताया कि सभी स्वयंसेवकों ने विद्यालय के छात्र छात्रों के साथ बैठकर भोजन मंत्र के साथ दोपहर का भोजन ग्रहण किया।डॉ. लारा शर्मा ने मंत्र का अर्थ एवं उसकी आवश्यकता एवं महत्व को विद्यालय के छात्र-छात्राओं को समझाया। उक्त कार्यक्रम में बृजेश कुमार पांडे, दीपचंद पवार, डॉ पूनम, डॉ राजबाला, डॉ मीरा, शेफाली एवं चंचल शर्मा उपस्थित रहे।

समाज में हर्ष की लहर

भीलवाड़ा। राजस्थान कांठोस कमेटी के खेल प्रकोष्ठ में नियुक्तियों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में, बिसायती समाज सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष मोहम्मद रफ़ीक़ बिसायती को कांठोस कमेटी राजस्थान खेल प्रकोष्ठ का भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति जयपुर स्थित खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आमीन पठान के निवास स्थान पर की गई। पठान ने मोहम्मद रफ़ीक़ की सक्रियता और खेल के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति की घोषणा के साथ ही बिसायती समाज सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की।

तीर्थ नगरी पुष्कर में चोरों के हौसले बुलंद, चोरी की वारदाते कैमरे में कैद

- पुष्कर में चोरी की वारदातें बढ़ी, मंदिरों के बाद अब सरोवर के दान पात्र बने निशाना
- श्रद्धालुओं और पुजारियों में रोष, सीसीटीवी में कैद हुए चोर पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

पुष्कर। तीर्थ नगरी पुष्कर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने वाले गिरोह ने अब मंदिरों के बाद सरोवर के घाटों पर रखे दानपात्रों को अपना निशाना बना लिया है। बुधवार देर रात हुई चोरी की वारदात घाट पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

जानकारी के अनुसार इससे पहले भी चोरों द्वारा भटबाय गणेश मंदिर और सिद्धेश्वर बालाजी मंदिर में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है। अब सरोवर क्षेत्र में रखे दानपात्रों को निशाना बनाए जाने से पुजारियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

घाटों पर सेवा दे रहे पुरोहित हेमंत रायता ने बताया कि दानपात्रों से लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस संबंध में पूर्व में भी पुलिस प्रशासन को शिकायत दी गई थी, लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले और बढ़ गए हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि कस्बे में बढ़ती चोरी की घटनाएं पुलिस की रात्रि गश्त और कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही हैं। तीर्थ स्थल होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करना बेहद जरूरी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। हालांकि, अब तक किसी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। नागरिकों ने मांग की है कि धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए और रात्रि गश्त को प्रभावी बनाया जाए, ताकि चोरों पर अंकुश लगाया जा सके।

गो-पूजन, गुड़ व चारा अर्पित

अजमेर। श्री श्याम सेवक कल्याण संघ द्वारा अध्यक्ष राकेश डीडवानिया के नेतृत्व में कृष्णा गंज क्षेत्र में गो-पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गोवंश को गुड़ एवं चारा अर्पित किया गया।

कार्यक्रम संयोजक अशोक ईनानी ने बताया कि विधिवत मंत्रोच्चार के साथ गो-पूजन कर सेवा कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर शिवकुमार बंसल, श्याम बिहारी शर्मा, कमलेश ईनाणी, कैलाश चंद्र जोशी, नरेंद्र वैष्णव, हरीश कुमार सैनी, महेश आचार्य, रमन महोदय शर्मा, नेमीचंद साहू, बलजीत सिंह कटिहार, मुकेश सोनी सहित बड़ी संख्या में संघ सदस्य उपस्थित रहे।

एस.के.फाइनेंस लिमिटेड
(CIN : U65923RJ1994PLC009051)
पंजीकृत कार्यालय: पी 1-2, न्यू मार्केट, खासा कोठी सर्किल, जयपुर- 302001 टोल फ्री: 1800 1039 039
ई-मेल: info@sfkin.in

शाखा कार्यालय स्थानान्तरण करने हेतु सार्वजनिक सूचना

सर्वसूचित किया जाता है कि कम्पनी प्रबंधक के निर्णयानुसार हम अपनी **नागौर शाखा** को नये पते पर स्थानान्तरित कर रहे है:-

पुराना पता - पहला फ्लोर, सिंडिकेट बैंक के ऊपर, विजय वल्लभ चौराहा, देह रोड, नागौर, जिला - नागौर - 341001 (राजस्थान)

नया पता - दूसरा फ्लोर, मंगलम टॉवर, चोलमंडलम फाइनेंस के ऊपर, कृषि मंडी के सामने, बीकानेर रोड, नागौर, राजस्थान- 341001

अतः हम अपने सभी ग्राहकों से अनुरोध करते है कि भविष्य में हमारी किसी भी तरह की लोन सुविधाओं के लिए हमारे नये पते पर संपर्क करें।

NAME CHANGE

I Geeta Devi, Mother of Army No.15348007M, Hav, Jaswant Singh, Residing at Gajpur, Kotla power house, Anandpur sahib, Rupnagar, P.B. 140116 have change my name from Gita Devi to Geeta Devi vide affidavit no. CA 493290 dt 18/02/2026 at court campus Nasirabad

श्रद्धा और उत्साह से मनाई शिवाजी जयंती प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि

अजमेर। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के मौके पर गुरुवार को भारत रक्षा मंच महिला प्रांत अजमेर की ओर से वैशाली नगर स्थित शिवाजी पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर वीर शिवाजी महाराज को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शिवाजी पार्क में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई। उपस्थित महिलाओं ने 'भारत माता की जय' और 'शिवाजी महाराज अमर रहें' के नारों के साथ वातावरण को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर भारत रक्षा मंच महिला प्रांत की पदाधिकारियों ने शिवाजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि कुशल प्रशासक और दूरदर्शी शासक भी थे। उन्होंने अपने साहस, रणनीति और संगठन क्षमता के बल पर स्वराज की स्थापना की और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। वक्ताओं ने कहा कि शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य, नीति और पराक्रम का परिचय दिया तथा मातृभूमि की रक्षा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य माना। उनके द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्य आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने आज के युवाओं से आान किया कि वे शिवाजी महाराज के आदर्शों, साहस, अनुशासन, राष्ट्र प्रेम और धर्मनिष्ठा को अपने जीवन में अपनाएं।

17 वां माली सैनी सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

- फिजूलखर्ची रोकने और शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर

अजमेर। अजमेर जिला माली सैनी सामूहिक विवाह समिति की ओर से 17वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी को फुलेरा दूज के अवसर पर धूमधाम से आयोजित किया गया। इस सामूहिक विवाह समारोह में चार जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधे। समारोह में समाज के गणमान्य नागरिकों और प्रबुद्धजनों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।

समिति के पदाधिकारी घीसू गढ़वाल ने बताया कि जिला माली सैनी सामूहिक विवाह समिति की ओर से 17वां सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी को फुलेरा दूज के अवसर पर धूमधाम से आयोजित किया गया। इस सामूहिक विवाह समारोह में चार जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधे। समारोह में समाज के गणमान्य नागरिकों और प्रबुद्धजनों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया।

विवाह सम्मेलन में नगर निगम के पूर्व महापौर धर्मेन्द्र गहलोत व माली सेना के जिलाध्यक्ष हेमराज खारोलिया भी शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों ने भी वर-वधु को शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का उद्देश्य समाज में व्याप्त रूढ़िवादी परंपराओं और अनावश्यक फिजूलखर्ची पर रोक लगाना है। साथ ही, बचाई गई राशि को शिक्षा और सामाजिक विकास जैसे सकारात्मक कार्यों में लगाने का संदेश दिया गया। समाज के लोगों ने इस पहल को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम बताया।

आम सूचना

हमारी फर्म मैसर्स श्री साईनाथ स्टोनेक्स मुख्य व्यवसायिक स्थान इंडियन ऑइल पेट्रोल पंप के सामने, मकराना रोड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान 305801 में पंजीयन क्रमांक 17/01/18/2011 पर पंजीकृत भागीदारी फर्म है। उक्त फर्म में (1) गोविन्द प्रसाद अग्रवाल पुत्र स्व. श्री बिरदीचन्द जी अग्रवाल निवासी किशनगढ़ (2) सरोज अग्रवाल पत्नी श्री गोविन्द प्रसाद अग्रवाल निवासी किशनगढ़ (3) सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री गोविन्द प्रसाद अग्रवाल निवासी किशनगढ़ साझेदार थे। इनमे से एक साझेदार सरोज अग्रवाल का दिनांक 9 सितम्बर 2020 को स्वर्गवास हो गया है तथा उक्त साझेदारी में सभी भागीदारो की सहमती से (1) प्रियंका अग्रवाल पत्नी श्री सौरभ अग्रवाल निवासी किशनगढ़ को दिनांक 9 सितम्बर 2020 से नया साझेदार शामिल किया गया है। इस बाबत विलेख भी निष्पादित किया जा चूका है। अतः हर आम व खास को इस आम सूचना के जरिये सूचित करते है कि यदि उक्त भागीदारी के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो आवश्यक दस्तावेज के साथ 7 दिवस में रजिस्टार ऑफ फर्म्स, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र अजमेर में प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

- गोविन्द प्रसाद अग्रवाल -9414011029

आम सूचना

श्रीमति पिंकी टांक धर्मपत्नि श्री जितेन्द्र रोहिल्ला(प्रार्थीया) ने अपना मकान प्लॉट संख्या ए(कॉर्नर) का पूर्वी भाग, जो सोफिया स्कूल के पीछे, भोपों का बाड़ा अजमेर में स्थित है, प्लॉट का भाग जिसका क्षेत्रफल 256.30 वर्गगज, को हमारी अभिभाष्या एलआईसी हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा अजमेर में गिरवी रख गृह ऋण का आवेदन किया है। उक्त सम्पति जमाबन्दी में दर्ज खसरा संख्या 121 के भूखण्ड का भाग है, उक्त सम्पति बाबत श्रीमती गोदावरी देवी, श्री बीर सिंह, श्री रूपचन्द, श्री ताराचंद, कैलाशचंद, श्री शेरसिंह एवं श्रीमती कंचनदेवी ने जरिये मुख्त्यारनामाआम दिनांक 03.08.1992 को श्री सुरेन्द्रसिंह भाटी के पक्ष में निष्पादित किया गया। तत्पश्चात श्री सुरेन्द्रसिंह भाटी बहैसियत मुख्त्यारआम श्रीमती गोदावरी देवी, श्री बीर सिंह, श्री रूपचन्द, श्री ताराचंद, कैलाशचंद, श्री शेरसिंह एवं श्रीमती कंचनदेवी ने श्रीमती पूनम गुप्ता एवं श्रीमती सुषमा गुप्ता के हित में जरिये विक्रय-पत्र दिनांक 04.01.1994 को निष्पादित किया गया। श्रीमती पूनम गुप्ता का दिनांक 29.04.2021 को स्वर्गवास हो गया। उनके पुत्र श्री आदित्य अग्रवाल का स्वर्गवास भी दिनांक 25.04.2021 को हो गया। श्री पदम गुप्ता एवं श्रीमती अंकिता गुप्ता उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत वारिस बतलाये गये। तत्पश्चात श्री पदम गुप्ता श्रीमती अंकिता गुप्ता एवं सुषमा गुप्ता ने श्रीमती पिंकी टांक के हित में जरिये विक्रय पत्र दिनांक 30.05.2022 को निष्पादित किया गया। प्रार्थीयां हमारी अभिभाष्या एलआईसी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड से ऋण लेना चाहती है। यदि किसी भी व्यक्ति संस्था इत्यादि को आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस में मय सबूत सम्पर्क करें, अन्यथा कोई उज्र अथवा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।-

प्रवीण कुमार एडवोकेट, जरिये लीगल एसोसिएट, 60, रतन निवासी, गणेश गढ रोड,शास्त्री नगर, अजमेर, 9314610338

राइज एंड शाइन फिटनेस योगा सत्र से स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश

भीलवाड़ा। जीतो भीलवाड़ा लेडीज़ विंग द्वारा स्पोर्ट्स एवं फिटनेस गतिविधियों के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत राइज एंड शाइन फिटनेस योगा वेलनेस सत्र का आयोजन कुमुद विहार-1 स्थित वैदिक गार्डन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को नियमित योगाभ्यास, शारीरिक सक्रियता और संतुलित जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना रहा। योग प्रशिक्षक आशीष टेलर एवं उनके सहयोगी कमलेश कुमार तथा धीरज कुमार ने प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में स्वास्थ्य लाभ देने वाले योगाभ्यास, विभिन्न व्यायाम, श्वास क्रियाएँ, प्राणायाम तथा लाफिंग योग का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि नियमित योग एवं श्वसन अभ्यास से शरीर सुदृढ़, मन शांत और जीवन ऊर्जा से परिपूर्ण रहता है। चीफ सेक्रेटरी अर्चना पटौदी ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र में 30 से अधिक सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार जताया। लेडीज़ विंग चेयरपर्सन नीता बाबेल एवं रजनी सिंघवी ने अतिथि प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का सम्मान कर धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर कन्वीनर निधि चौधरी, स्वीटी नैनावटी, को- कन्वीनर अंकिता भूरा , अनुभा लोढ़ा, सरिता शाह , आशिता मारू, नेहा पोखरना, अलका मारू, वंदना छाजेड़, सीमा जैन, मनीषा, मंजु झामड़, दीपिका पाटनी, कला पगारिया, निशा बापना, लता मलवानी, मधुलिका जैन, जितेन्द्र बापना, किरण जागेटिया, लक्ष्मी कंवर, अनीता लढ़ा, कशिश जतयानी, महेश कुमार सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता जताई, ताकि योग को नियमित जीवनशैली का हिस्सा बनाया जा सके। अंत में लेडीज़ विंग द्वारा योग प्रशिक्षक आशीष टेलर को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अजमेर स्टेशन पर एस्केलेटर से प्रवेश बंद, निकासी जारी रहेगी

अजमेर। यात्रियों की सुरक्षा और आवागमन को व्यवस्थित रखने के उद्देश्य से भारतीय रेल प्रशासन ने अजमेर रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाजा (दौराई एंड) की ओर स्थित एस्केलेटर एवं सीढ़ियों से प्रवेश 22 फरवरी 2026 से बंद करने का निर्णय लिया है। हालांकि इन एस्केलेटर और सीढ़ियों का उपयोग निकासी के लिए किया जा सकेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव के अनुसार अप दिशा का एस्केलेटर बंद कर दोनों एस्केलेटर को केवल डाउन साइड निकास हेतु संचालित किया जाएगा। सीढ़ियों से अनधिकृत प्रवेश रोकने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात रहेगा। नई व्यवस्था के तहत अब यात्रियों को प्रथम या द्वितीय श्रेणी प्रवेश द्वार पर स्थापित लगेज स्कैनर से सामान की जांच के बाद ही स्टेशन में प्रवेश मिलेगा। इससे बिना स्कैनिंग सीधे प्लेटफॉर्म पर पहुंचने की संभावना समाप्त होगी और सुरक्षा व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की थोक तेलियान खसरा संख्या 4,6,8 व 9 के आवासीय भूखंड संख्या 09 क्षेत्रफल 355.55 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती मालती जैन धर्मपत्नी स्व. श्री ज्ञानचंद जैन, जाति जैन, निवासी कोटिया भवन, निवर पंजाब नेशनल बैंक, कचहरी रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 03/12/2019 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (अपंजीकृत दिनांक 30/12/2017)सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु 1. श्री प्रवीण जैन पुत्र स्व. श्री ज्ञानचंद जैन 2. नीतू जैन धर्मपत्नी श्री श्री प्रवीण जैन, दोनों जाति जैन, निवासी कोटिया भवन, निवर पंजाब नेशनल बैंक, कचहरी रोड, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करायें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

नाम परिवर्तन

मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों अर्थात शादी से पहले मेरा नाम कुमारी चम्पा ओसवाल (KUM. CHAMPA OSWAL) था शादी के बाद मैने अपना नाम बदलकर चित्रा सेठी (CHITRA SETHI) पत्नी प्रदीप कुमार सेठी निवासी म.नं. 281/2 गली नं. 1, रामनगर, अजमेर (राज.)रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे चित्रा सेठी (CHITRA SETHI) पत्नी श्री प्रदीप कुमार सेठी के नाम से जाना व पहचाना जावे।

NAME CHANGE

I Kusum M Sutar, Mother of Army No.15789341W, NK(Dresser), Sandeep, Residing at Vill:- Bolewadi, Po:- Sidnal, Teh:- Chikodi, Distt:-Belgaum, Karnataka 591211 have change my name from Kusum M Sutar to Suman Sutar vide affidavit no. CA 493302 dt 19/02/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Jatila Thakur, Mother of Army No.15345316K, Hav, Pradip Thakur, Residing at Daing Malancha, Balapur, Tapan, Dakshin Dinajpur, W.B. 733127 have change my name from Jutila Thakur to Jatila Thakur vide affidavit no CA 493295 dt 18/02/2026 at court campus Nasirabad

इमरजेंसी में ही मिलेगी ई-मित्र सुविधा, मरीजों को बड़ी राहत

अजमेर, । संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को अब बड़ी राहत मिलने जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने इमरजेंसी ब्लॉक में ही ई-मित्र सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है और शीघ्र ही संचालन प्रारंभ होने की संभावना है। राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान भारत

- राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न निशुल्क उपचार योजनाएं संचालित की जा रही हैं

योजना सहित विभिन्न निशुल्क उपचार योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आपात स्थिति में आने वाले अनेक मरीज इन योजनाओं में पूर्व पंजीकृत नहीं होते। पात्रता होने के बावजूद कागजी प्रक्रिया के लिए परिजनों को अस्पताल से बाहर ई-मित्र केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे उपचार में देरी और मानसिक तनाव की स्थिति बनती है।इमरजेंसी परिसर का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि यहां 24 घंटे सेवाएं संचालित होती हैं और मरीजों की आवाजाही सर्वाधिक रहती है।

कार्यक्रम आयोजित

ब्यावर (निसं) जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की सेन्ट पॉल स्कूल में महिला अपराध, साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी कुल ज्यौति, थानाधिकारी पुलिस थाना साकेतनगर, थानाधिकारी महिला थाना एंव प्रभारी जिला यातायात ब्यावर, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं बडी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान महिला अपराधों की रोकथाम, छेडछाड, दुष्कर्म आदि पर चर्चा की ।एक्ट, घरेलू हिंसा एंव राजकॉप सिटीजन एप आदि के संबंध में कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई तथा किसी भी प्रकार की घटना होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की गई।

अजमेर नगर निगम ने किए शहर के विकास के लिए कई कार्य

अजमेर, (कासं)। नगर निगम अजमेर द्वारा शहर के विकास के लिए गत 2 वर्षों में बड़ी संख्या में कार्य कर स्थानीय निवासियों को सुविधा प्रदान की है। लोहागल रोड़ स्थित पंचशील कांजी हाउस के पास नगर निगम अजमेर के नवीन भवन का निर्माण कार्य राशि 20 करोड़ की लागत से करवाया गया। अजमेर शहर में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत अजमेर शहर में सेन्ट्रल गर्ल्स स्कूल चूड़ी बाजार अजमेर में महिलाओं के लिए बायो पिंक टॉयलेट का निर्माण कार्य राशि 20 लाख का कार्य पूर्ण किया गया है।अजमेर उत्तर के बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत अजमेर शहर में आनासागर झील के पास के क्षेत्र में 7 बरसाती नालों का निर्माण राशि 24.35 करोड़ तथा अजमेर (दक्षिण) के बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत अजमेर शहर में वर्षा जल निकासी व्यवस्था में सुधार के कार्य 11 नालों का निर्माण राशि 44 करोड़ की लागत से कार्य करवाए जा रहे है। वर्तमान में कार्य प्रगति पर है। अजमेर शहर के 5 बड़े नालों के लिए कुल स्वीकृत राशि 257.65 लाख के निर्माण कार्य नगर निगम कोष से करवाए गए। वार्ड नं. 43 सामुदायिक शौचालय नोनकरण का अहाता से एस्केप चैनल तक आरसीसी नाला 49.85 लाख अनुमानित लागत निर्माण कार्य किया गया। र्ड नं. 27 बालाजी मन्दिर के पास आरसीसी नाले का 64.50 लाख अनुमानित लागत निर्माण कार्य किया गया। वार्ड नं. 16 चटाई गंज में चटाई मन्दिर के पीछे स्थित नाले को पद्मा डेरी के पास गली से गोयल ट्रेडिंग होते हुए चरणजीत ओबेरई के मकान तक नाले का 36.50 लाख अनुमानित लगात निर्माण कार्य किया गया। वार्ड नं. 68 में मेडिकल कॉलेज से गुड्डन का ढाबा तक और आरआर ज्वैलर्स के पीछे से कल्वर्ट को जोड़ने वाले नाले का निर्माण तथा समतलीकरण का 62 लाख अनुमानित लागत से कार्य किया गया।

शोभायात्रा में सनातन के जयकारों की गूंज

- मातृशक्ति ने सिर पर धारण किए मंगलकलश

भीलवाड़ा। धर्मनगरी भीलवाड़ा में गुरूवार को आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह का भव्य आगाज विशाल मंगल कलश शोभायात्रा के साथ हो गया। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए मातृशक्ति के साथ श्रद्धालु भी उमड़ पड़े। को हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर भीलवाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज के मार्गदर्शन में होने वाले इस आयोजन की कलश शोभायात्रा में भीलवाड़ा के प्रमुख संत महात्माओं के साथ समाज के विभिन्न वर्गो से जुड़ी मातृशक्ति उत्साह से शामिल हुई। सुबह 9.15 बजे श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ मंगल कलश शोभायात्रा में 1008 मातृशक्ति सिर पर मंगल कलश धारण करके चल रही थी। शोभायात्री में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज के साथ सासंद दामोदर अठावाल, महामंडलेश्वर स्वामी हितेशवरानंद महाराज, श्रीधाम वृन्दावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर, महंत प्रकाशमुनी, स्वामी वेदांनंद, संत सेवादास, संत श्रवण मुनि, महंत आसन दास, संत नरेश मुनि, महंत स्वरुप दास उदासीन, महंत हनुमान राम उदासीन, संत हंसदास, संत मोहन दास, संत संतदास, स्वामी ईश्वर दास, स्वामी दर्शन दास, संत स्वरुप दास, संत गौतम दास, संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबू गिरी महाराज, हनुमान टेकरी के महन्त बनवारी शरण काठिया बाबा, हाथीभाटा आश्रम के महन्त संतदास महाराज, निम्बार्क आश्रम के महन्त मोहनशरण शास्त्री, पुजारी मुरारी पांडे, संत मायाराम, संत गोविंद राम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल, सिद्धार्थ, मिहिर, पंडित सत्यनारायण शर्मा आदि शामिल हुए। व्यास पीठ पर रखे जाने वाला श्रीमद् भागवत का ठांथ शोभायात्रा में संत महात्मा अपने सिर पर धारण करके चले। शोभायात्रा गोल प्याउ, सूचना केन्द्र चौराहा, आजाद चौक, वीर सावरकर चौक होते हुए हरि शेवा आश्रम सनातन मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के लिए बनाए हुए विशाल पांडाल में पहुंची। शोभायात्रा में सबसे आगे अश्व सवार धर्म ध्वज लिए हुए था तो उसके पीछे दुपहिया वाहनों पर बेटियां भगवा ध्वज लिए हुए थी। जुलूस में कान्हा आन बसो वृन्दावन में उमर बीत गई गोकुल में जैसी मधुर स्वर लहरिया बिखेर रहे बैण्ड के पीछे दुर्गा शक्ति अखाड़ा की बेटियां सनातन मंगल महोत्सव ओर जयश्री राम लिखी धर्म ध्वजा फहराते हुए चल रही थी। इनके पीछे सिर पर कलश धारण किए तीन-तीन की कतार में हजारों की तादाद में मातृशक्ति वंदेमातरम, जयश्री राम, राधे-राधे के जयकारे लगाते हुए चल रही थी। मातृशक्ति ने चुंदड़ या आयोजन के लिए तैयार विशेष साड़िया पहन रखी थी। इनके पीछे वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज के साथ भगवा वस्त्र पहने ओर हाथों में ॐ लिखी ध्वज पताकाएं लिए श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ वेद विद्यालय के छात्र चल रहे थे। शोभायात्रा के स्वागत के लिए शहरवासी उमड़े पड़े ओर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कलश शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार भी लगाए गए थे। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथों में सनातन मंगल महोत्सव लिखे ध्व